# KANYA MAHAVIDYALAYA KHARKHODA

## ANNUAL PRIZE DISTRIBUTION CEREMONY -2025

**CHIEF GUEST : DR.NIRMAL NAGAR**

**SDM , KHARKHODA (SONIPAT )**

# KANYA MAHAVIDYALAYA, KHARKHODA

(Affiliated to M.D. University, Rohtak)
(NAAC Accredited Grade 'A' with CGPA 3.23)

*Solicits your benign Presence at*

**Annual Prize Distribution Ceremony-2025**

## Friday 11th April, 2025

Time: 10:00 AM

:: Chief Guest ::

## Dr. Nirmal Nagar (HCS)

Sub-Divisional Magistrate, Kharkhoda (Sonipat)

## Guest of Honour

Sh. Ved Parkash Dahiya (President, Governing Body)
Dr. Satbir Dahiya (Vice-President, Governing Body)
Sh. Neeraj Dahiya ( General Secretary, Governing Body)
Sh. Rajender Ganotra (Treasurer, Governing Body)
Sh. Kuldeep Dahiya (Joint - Secretary, Governing Body)

Mobile : 7082002801

**Dr. Parmila**
**Principal**

कन्या महाविद्यालय खरखोदा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम खरखोदा डॉ निर्मल नागर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधन समिति प्रधान श्री वेदप्रकाश दहिया जी और उनके साथी सदस्य उपप्रधान श्री सतबीर दहिया जी महासचिव श्री नीरज दहिया जी उप सचिव श्री कुलदीप दहिया तथा कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र गनौत्रा पधारे। कालेज कार्यकारिणी समिति प्रधान श्री वेद प्रकाश दहिया जी ने मुख्य अतिथि को शाल तथा पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में पहुंचने पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।इसके बाद प्राचार्या और कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमांत तथा डॉ.दर्शना ने विशिष्ट अतिथियों तथा अन्य गणमान्य अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में पधारने पर हार्दिक अभिनंदन और आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्रा रश्मि ने श्लोकोंचारण किया और अन्य छात्राओं ने स्वागत गीत गाया ।उसके बाद प्राचार्या डॉ.प्रमिला ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति के कुशल प्रबंधन में महाविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है ।यहां अध्ययन करने वाली छात्राएं न केवल शिक्षा के क्षेत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर रही है अपितु खेलों में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। यह महाविद्यालय परिवार के सदस्यों के मेहनत लगन और कर्तव्य निष्ठा और प्रबंधन समिति के निस्वार्थ सहयोग का ही परिणाम है कि महाविद्यालय ने नेक द्वारा दो बार ए ग्रेड प्राप्त किया है। छात्रा रश्मि ने बीए थर्ड सेम में विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान तनु बीसीए सेकंड ईयर की छात्रा ने थर्ड सेम में प्रथम स्थान ज्योति ने एमएससी कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान आरती ने एमएससी कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान आरती ने एमएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम सेमेस्टर में दूसरा स्थान शिवानी ने एमएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय सेमेस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया इसके साथ ही मुस्कान बीकॉम से ने छठे सेमेस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त किया ।खेलों में भी छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया। ऐसे खिलाड़ियों में उर्मिला रजनी और विशाखा ने नेशनल लेवल रग्बी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया निशु और पूजा ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेलों में हिस्सा लेकर नीशू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मंजू यशिका इंदू यीशु और रितिका ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप जीतने के बाद नेशनल में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर बेस्ट गर्ल रश्मि और खुशी बीए सेकंड ईयर से और इंदु बीसीए से बेस्ट गर्ल ऑफ़ द ईयर चुनी गई। बेटियों की शिक्षा के लिए तन मन धन से प्रयासरत रहने वाले ऐसे प्रबुद्ध महानुभावों के द्वारा छात्राओं को छात्रवृत्तियां भी प्रदान की गई इनमें श्री वेदप्रकाश दहिया प्रधान कार्यकारिणी समिति विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी संकायों की छात्राओं को 21600 की पुरस्कार राशि प्रदान करते हैं।

स्वर्गीय श्री वेदपाल दहिया जी की धर्मपत्नी श्रीमती बीरमति विभिन्न संकायों में सर्वोत्तम छात्राओं को 3300 की छात्रवृत्ति प्रदान करती हैं अबकी बार यह राशि उनके सुपुत्र श्री हरविंदर दहिया जी द्वारा दी गई ।डॉ. आरके सेठी और डॉ. कमला सेठी की याद में डॉक्टर अनुराग और डॉक्टर अनुपमा सर्वोत्तम खिलाड़ी को 5100 की छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं श्री एचडी मलिक की याद में उनके पुत्र और पुत्रवधू ₹6000 की राशि छात्रवृत्ति स्वरूप देते हैं ।श्री धर्मपाल रोहिल्ला पूर्व महासचिव कॉलेज प्रबंधन समिति बीकॉम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 3300 की छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं ।पूर्व प्राचार्या डॉ.श्रीमती सुरेश बूरा जी हिंदी विभाग की गरीब और मेधावी छात्राओं को ₹2200 के छात्रवृत्ति प्रदान करती हैं। डॉ. गीता शर्मा संस्कृत विभागाध्यक्ष संस्कृत में तीन बेस्ट छात्राओं को 1500 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान करती हैं। डॉ. नीलम राठी मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं को ₹1100 की छात्रवृत्ति प्रदान करती है ।श्री ओम प्रकाश दहिया 6600 रुपए श्री वेदपाल दहिया भूगोल विभाग की जरूरत मंद छात्राओं को ₹1100 की छात्रवृत्ति देते हैं श्री पवन शर्मा एम कॉम प्रथम द्वितीय वर्ष की होनहार छात्राओं को ₹1100 के छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं ।श्री आर.के लठवाल गरीब छात्राओं को 5100 की छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं। कॉलेज प्रबंधन समिति महासचिव श्री नीरज दहिया जी गणित विभाग की छात्राओं को 3300 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम खरखोदा डॉ. निर्मल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कन्या महाविद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है महाविद्यालय की छात्राए न केवल शिक्षा में अग्रणी है अपितु खेलों में भी नए मुकाम हासिल कर क्षेत्र और महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं प्रशासन भी हमेशा बेटियों की शिक्षा के लिए सजग है हम कामना करते हैं कि भविष्य में कन्या महाविद्यालय में ज्यादा से ज्यादा छात्राएं शिक्षित होकर ऊंचे मुकाम हासिल कर क्षेत्र और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रधान श्री वेद प्रकाश दहिया द्वारा महाविद्यालय की सभी छात्राओं और स्टाफ सदस्यों के लिए शुद्ध देसी घी से निर्मित भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्या डॉ.सुरेश बूरा हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अनुरिता नरवाल श्री कृष्ण पहलवान श्री हरविंदर सिंह श्री धर्मपाल रोहिल्ला पूर्व महासचिव आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे छात्राओं द्वारा हरियाणवी समूह गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ.सारिका और डॉ.प्रमिला हिंदी विभाग द्वारा किया गया और छात्रवृत्तियों की घोषणा डॉ. सुषमा और डॉ. मीनाक्षी द्वारा की गई। सभी स्टाफ सदस्यों ने अपनी अपनी ड्यूटी बड़ी लगन से निभाई ।अंत में सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की झलकियाँ




















KANYA MAHAVIDYALAYA
ANNUAL PRIZE


Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda (Sonipat)
Organizes
Guest of Honour




KANYA MAHAVID
ANNUAL PRIZE
DISTRIBUTION CEREMONY - 2025
11th April, 2025
Chief Guest
DR. NIRMAL NAGAR




KANYA MAHAVIDYALAYA
ANNUAL PRIZE












Guest of Honour
DISTRI
EMONY - 2025


KANYA MAHAVIDYALAYA








KANYA MAHAVIDYALAYA


KANYA MAHAVIDYALAYA


KANYA MAHAVIDYA
ANNUAL PRIZE


KANYA MAHAVIDYALAYA


KANYA MAHAVIDYALA


KANYA MAHAVIDYA


KANYA MAHAVIDYALAYA
Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda (Sonipat)


KANYA MAHAVIDYALAYA


KANYA MAHAVIDYALAYA


KANYA MAHAVIDYALAYA







KANYA MAHAVIDYALAYA
Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda (Sonipat)


Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda (Sonipat)
ANNUAL PRIZE


KANYA MAHAVIDYALAYA


Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda (Sonipat)


KANYA MAHAVIDYALAYA


Kudos to Tenacious Achievers
CONGRATULATIONS
ANNUAL PRIZE
DISTRIBUTION CEREMONY
11th April 2025
Organized by
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda (Sonipat)

## कन्या महाविद्यालय कार्यकारिणी प्रधान श्री वेद प्रकाश दहिया जी द्वारा प्रायोजित लंच का आनन्द लेते छात्राएँ एवं स्टाफ़ सदस्य




















## NEWS BOX

## HARIBHOOMI 12.04.2025




खरखौदा। छात्राओं को सम्मानित करते एसडीएम डॉ निर्मल नागर व अन्य।

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

खरखौदा। कन्या कालेज में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम डॉ निर्मल नागर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधन समिति प्रधान वेदप्रकाश दहिया, उपप्रधान सतबीर दहिया, महासचिव नीरज दहिया, उप सचिव कुलदीप दहिया तथा कोषाध्यक्ष राजेंद्र गनौत्रा ने समारोह में शामिल हुए। कालेज कार्यकारिणी समिति प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने मुख्य अतिथि को शाल तथा पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत और अभिनंदन किया। इसके बाद प्राचार्या, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमांत तथा डॉ. दर्शना ने विशिष्ट अतिथियों व अन्य गणमान्य अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका कार्यक्रम में पधारने पर हार्दिक अभिनंदन किया।

## SACH KAHOO 12.04.2025

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्राओं को किया सम्मानित




*प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित करते एस.डी.एम. निर्मल नागर व अन्य।*

खरखौदा, 11 अप्रैल (शर्मा): कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एस.डी.एम. डॉ निर्मल नागर तथा विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान वेदप्रकाश दहिया, उपप्रधान सतबीर दहिया, महासचिव नीरज दहिया, उप सचिव कुलदीप दहिया तथा कोषाध्यक्ष राजेंद्र गनौत्रा थे। मुख्यतिथियों तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्या डॉ. प्रमिला ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

प्राचार्या ने बताया कि छात्रा रश्मि ने बी.ए. थर्ड सैम में विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान, तनु बी.सी.ए. सैकेंड ईयर की छात्रा ने थर्ड सैम में प्रथम स्थान, ज्योति ने एम.एससी. कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान, आरती ने एम.एससी. कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान, आरती ने एम.एससी. कंप्यूटर साइंस प्रथम सैमेस्टर में दूसरा स्थान. शिवानी ने एम.एससी. कंप्यूटर साइंस तृतीय सैमेस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है ।

इसके साथ ही मुस्कान बी.कॉम से छठे सैमेस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बैस्ट गर्ल रश्मि और खुशी बी.ए. सैकेंड ईयर और इंदु बी.सी.ए. से बैस्ट गर्ल ऑफ द ईयर चुनी गई। मंच का संचालन डॉ. सारिका और डॉ. प्रमिला ने किया। छात्रवृत्तियों की घोषणा डॉ. सुषमा और डॉ. मीनाक्षी द्वारा की गई।

https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=435954